Bareilly, Tuesday, 4 April 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No. 03 : Middle

यूपीसीए के लिए अंडर-16 ट्रायल 6 अप्रैल को

BAREILLY : उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में चयन के लिए अंडर-16 खिलाड़ियों के ट्रायल एसआरएमएस मैदान में छह अप्रैल से शुरू किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी बरेली क्रिकेट एसोसिएशन को दी गई है. बीसीए के सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि जिले के खिलाड़ियों का ट्रायल किया जाएगा जिसमें सिर्फ पंजीकृत बच्चे ही भाग ले सकेंगे. ओपी कोहली ने बताया कि सुबह नौ बजे से ट्रायल शुरू कर दिया जाएगा. बरेली जिले की टीम का निर्धारण इसी ट्रायल के बाद हो सकेगा.

Page No. 04 : Middle

एसआरएमएस ने 96 रनों से गंगाशील एकेडमी को दी मात

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (3 April): श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन सोमवार को एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच हुआ. एसआरएमएस एकेडमी ने गंगाशील पर 96 रनों से जीत दर्ज की. इसमें आल राउंडर प्रदर्शन करने वाले एसआरएमएस एकेडमी के हर्ष राणा को मैन आफ द मैच चुना गया. हर्ष ने बल्लेबाजी करते हुए मात्र 53 गेंदों पर दो छक्कों और छह चौकों की मदद से 74 रन बनाए, जबकि दो ओवर में दो विकेट हासिल किए, हर्ष का एक ओवर मेडन रहा, दूसरे ओवर में भी उन्होंने सिर्फ एक रन दिया. गंगाशील क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण चुनने का फैसला किया.

प्लेयर्स ने खूब बहाया पसीना.

पहले ओवर में झटका

एसआरएमएस एकेडमी के स्कोर को 15.1 ओवर में 130 तक ले गए, 74 रन के स्कोर पर हर्ष को लक्ष्य अरोड़ा ने जसप्रीत के हाथ कैच करवा कर उनकी आक्रामक पारी का अंत किया. इसके बाद अर्पित यादव और कप्तान अनंत भटनागर ने तेजी से रन बनाए और एसआरएमएस के स्कोर को सात विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 178 तक ले जाने में मदद की. 178 रन का पीछा करने उतरी उतरी गंगाशील की शुरुआत अच्छी नही हुई. उसके ओपनर बल्लेबाज सूरज भाटू दो गेंद खेल कर पहले ही ओवर में हृदेश की गेंद पर चकमा खाकर बोल्ड हो गए, अभिषेक (12 रन, 13 गेंद), नीरज (12 रन, 22 गेंद), अंकुर यादव (27 रन, 38 गेंद), राघवेंद्र सिंह (13 रन, 14 गेंद) ही दहाई के अंक तक पहुंच पाए, रन रेट बढ़ाने के प्रयास में गंगाशील के खिलाड़ी एक एक कर पवैलियन वापस लौटते रहे और पूरी टीम 19.3 ओवर में मात्र 82 रन पर मैदान छोड़ कर पवैलियन वापस लौट गई. एसआरएमएस की ओर से आनंद यादव, अर्पित यादव और हर्ष राणा ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि हृदेश, शुभम और अनंत भटनागर ने आपस में 1-1 विकेट बांटा. एसआरएमएस के कप्तान अनंत भटनागर ने 1.3 ओवर फेंका, एक विकेट भी हासिल किया.